ASIA PACK LIMITED
CIN : L74950RJ1985PLC003275

MIRAJ GROUP
SINCE 1987

REGISTERED OFFICE
3rd Floor, Miraj Campus, Uper Ki Oden, Nathdwara,
Rajsamand, Rajasthan, India, PIN-313301

1800 120 3699

www.asiapackltd.com

Ref.: **APL/SEC/Reg. 30 and 47 /2025** Date: **04th September, 2025**

Corporate Relationship Department,
**BSE Limited,**
25th Floor, P J Towers, Dalal Street,
Mumbai, Maharashtra, India, PIN-400001
Email: corp.relations@bseindia.com, corp.compliance@bseindia.com
**Scrip Code:** 530899

Dear Sir / Madam,

**Subject:** Newspaper Advertisement of the Notice of 40th Annual General Meeting, Book Closure, Remote E-Voting Information etc.

**Reference:** Regulation 30 and Regulation 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015

Dear Sir / Madam,

Pursuant to Regulation 30 and 47 of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, please find enclosed the copies of newspaper advertisements published in Financial Express (in English) and Jai Rajasthan (in Hindi) on 04th September, 2025 regarding the Notice of 40th Annual General Meeting, Book Closure, Remote E-Voting Information etc.

You are requested to take the same on records, upload at your website & intimate the same to the members of the Stock Exchange.

Thanking You,
Yours faithfully,
For **Asia Pack Limited**
Lakshit Samar
Digitally signed by Lakshit Samar
Date: 2025.09.04 20:24:06 +05'30'
Name: **Lakshit Samar**
Designation: **Company Secretary and Compliance Officer**
ICSI Membership No.: **A64788**

Encl.: a/a

# वैश्विक राजनीति की बिसात पर ट्रंप को मोदी ही देंगे मात, अमेरिकी विशेषज्ञों ने कही है यह बात

## हम आपको यह भी बता दें कि अमेरिकी मीडिया में चीन में आयोजित एससीओ ( स्ष्टह्र ) शिखर सम्मेलन को लेकर व्यापक कवरेज हुआ और कई विशेषज्ञों ने अफसोस जताया कि ट्रंप की कठोर नीति भारत को रूस और चीन के और निकट धकेल रही है।


भारत-अमेरिका संबंधों पर हाल के घटनाक्रम गहरे द्वंद्व और भ्रम को उजागर करते हैं। एक ओर अमेरिकी रणनीतिक समुदाय के प्रभावशाली वर्ग, जैसे- जेक सुलिवन, मेरी किसल और एडवर्ड प्राइस बार-बार इस सच्चाई को रेखांकित कर रहे हैं कि चीन का प्रभाव अकेले अमेरिका की क्षमताओं से नियंत्रित नहीं किया जा सकता और इसके लिए भारत की साझेदारी अनिवार्य है। वहीं दूसरी ओर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का व्यवहार इस साझेदारी को कमजोर करने वाला दिखाई देता है।

देखा जाये तो ट्रंप प्रशासन की ओर से भारत पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगाने की धमकी और इसे रूस से कच्चा तेल खरीदने से जोड़ना, रणनीतिक विवेक से अधिक राजनीतिक सनक का परिणाम प्रतीत होता है। एडवर्ड प्राइस की आलोचना इस संदर्भ में सार्थक है कि यह नीति न केवल अर्थशास्त्र और कूटनीति की गलत समझ दर्शाती है, बल्कि भारत को रूस और चीन के और निकट धकेलने का खतरा भी उत्पन्न करती है, जो अमेरिका की दीर्घकालिक विदेश नीति के लिए घातक परिणाम ला सकती है।

**जेक सुलिवन का आरोप:** इस परिदृश्य को और जटिल बनाता है अमेरिका के पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन का वह आरोप जिसमें उन्होंने कहा है कि ट्रंप परिवार के पाकिस्तान में कारोबारी हितों के चलते भारत-अमेरिका संबंधों को बलि चढ़ाया जा रहा है। यदि इसमें सच्चाई का अंश भी है, तो यह अमेरिकी कूटनीति के लिए गंभीर संकट का संकेत है। ऐसे समय में जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शंघाई सहयोग संगठन (स्ष्टह्र) जैसे मंचों पर रूस और चीन दोनों से सक्रिय संवाद कर रहे हैं, वाशिंगटन की असंगत नीतियां भारत के विकल्पों को और मजबूत करती हैं। हम आपको बता दें कि जेक सुलिवन भारत-अमेरिका संबंधों के एक प्रमुख वास्तुकार रहे हैं। ऐसे में उनका यह आरोप बेहद गंभीर है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने पाकिस्तान में अपने पारिवारिक कारोबारी हितों के चलते नई दिल्ली के साथ रिश्तों को नुकसान पहुँचाया है। हम आपको बता दें कि पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन, जिन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडेन, बराक ओबामा और हिलेरी क्लिंटन के तहत पिछले एक दशक में कार्य किया है और जिनकी ज़िम्मेदारी में भारत से संबंध भी शामिल थे, उन्होंने सोमवार को पॉडकास्ट Meidastouch में कहा कि ट्रंप ने भारत के साथ रिश्तों को किनारे कर दिया है क्योंकि पाकिस्तान ट्रंप परिवार के साथ कारोबारी समझौते करने को तैयार है।

सुलिवन का इशारा ट्रंप परिवार के उस संबंध की ओर था जो ज़ैक विटकॉफ़ से जुड़ा है। हम आपको बता दें कि ज़ैक विटकॉफ़ वर्ल्ड लिबर्टी फाइनेंशियल (WLFI) के सह-संस्थापक हैं, जिसने अप्रैल 2025 में पाकिस्तान क्रिप्टो काउंसिल के साथ एक समझौता किया था ताकि पाकिस्तान में क्रिप्टो विकास और डिजिटल वित्तीय परिवर्तन को बढ़ावा दिया जा सके। माना जाता है कि ट्रंप के बेटे डोनाल्ड ट्रंप जूनियर और एरिक ट्रंप, तथा दामाद जैरेड कुश्नर इस कंपनी में बड़ा हिस्सा रखते हैं। हम आपको यह भी बता दें कि ज़ैक, स्टीव विटकॉफ़ के बेटे हैं, जो ट्रंप के पुराने मित्र और दुनिया के विभिन्न हॉटस्पॉट क्षेत्रों (खाड़ी से लेकर रूस-यूक्रेन तक) में उनके सलाहकार रहे हैं। यह माना जा रहा है कि इसी क्रिप्टो डील के चलते ट्रंप ने पाकिस्तान के सैन्य शासक आसिम मुनीर को व्हाइट हाउस आमंत्रित किया था, ठीक कुछ सप्ताह बाद जब ज़ैक ने इस्लामाबाद में उनसे मुलाकात कर अपना क्रिप्टो उपक्रम प्रस्तुत किया।

अमेरिका के पूर्व एनएसए जेक सुलिवन ने इसे ट्रंप की विदेश नीति की सबसे कम रिपोर्ट की गई कहानियों में से एक बताते हुए कहा कि भारत से संबंध तोड़ना एक बड़ा रणनीतिक नुकसान है। उनके अनुसार, इससे जर्मनी, जापान और कनाडा जैसे सहयोगी देशों का भरोसा भी डगमगा सकता है, क्योंकि अमेरिका पर भरोसा नहीं किया जा सकेगा और वह मान सकते हैं कि अगला नंबर उनका है। उन्होंने कहा, हमारा वचन ही हमारा बंधन होना चाहिए। हमारे मित्रों को हम पर भरोसा कर पाना चाहिए। भारत के साथ जो कुछ हो रहा है उसका असर केवल द्विपक्षीय संबंधों पर ही नहीं, बल्कि दुनिया भर में हमारे साझेदारियों पर भी पड़ेगा।



हम आपको यह भी बता दें कि अमेरिकी मीडिया में चीन में आयोजित एससीओ (स्ष्टह्र) शिखर सम्मेलन को लेकर व्यापक कवरेज हुआ और कई विशेषज्ञों ने अफसोस जताया कि ट्रंप की कठोर नीति भारत को रूस और चीन के और निकट धकेल रही है। इसे कुछ विश्लेषकों ने अशांति की नई धुरी तक कहा। हालाँकि, अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने स्ष्टह्र बैठक को ज्यादातर दिखावट करार देते हुए कहा कि भारत के मूल्य अमेरिका से कहीं अधिक मेल खाते हैं, चीन या रूस से नहीं। उन्होंने कहा, भारतीयों ने रूसी तेल खरीदकर और उसे दोबारा बेचकर यूक्रेन युद्ध को वित्तीय मदद दी है। लेकिन अंततः, दो महान राष्ट्र इस समस्या का समाधान कर लेंगे।

व्हाइट हाउस के व्यापार सलाहकार पीटर नवारो ने भी भारत पर अपनी आलोचना को थोड़ा नरम करते हुए तियानजिन में हुए स्ष्टह्र शिखर सम्मेलन का हवाला देते हुए कहा, मोदी को शी जिनपिंग और पुतिन के साथ देखना अफसोसजनक थाज हमें उम्मीद है कि वे समझेंगे कि उन्हें हमारे साथ होना चाहिए, न कि रूस के साथ। फिर भी, कई विश्लेषकों का मानना है कि नुकसान हो चुका है और संबंधों को बहाल करना कठिन होगा। न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी के वरिष्ठ शोधकर्ता एडवर्ड प्राइस ने बताया, भले ही भारत और अमेरिका अंततः टैरिफ पर कोई समझौता कर लें, लेकिन भरोसा खो चुका है। उन्होंने चेतावनी दी, यदि चीन, रूस और भारत किसी भी आर्थिक या आंशिक सैन्य गठबंधन में एकत्रित हो जाते हैं, तो अमेरिका के लिए 21वीं सदी में प्रतिस्पर्धा करना असंभव हो जाएगा। बेहतर होगा कि हम घर चले जाएँ।''

**मैरी किसेल का बयानन्न** वहीं, अमेरिका की पूर्व सलाहकार मैरी किसेल ने कहा है कि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में चीन के बढ़ते प्रभाव का अकेले अमेरिका मुकाबला नहीं कर सकता और इसके लिए भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने जोर देकर कहा कि वाशिंगटन को बीजिंग की बढ़ती ताकत का सामना करने के लिए नई दिल्ली का सहयोग चाहिए। हम आपको बता दें कि किसेल पूर्व विदेश मंत्री माइक पोम्पियो की वरिष्ठ सलाहकार रह चुकी हैं। उन्होंने फॉक्स न्यूज को दिये साक्षात्कार में आर्थिक तनावों के बीच भारत-अमेरिका साझेदारी की मजबूती पर बल दिया। उन्होंने कहा कि यह तनाव वाशिंगटन द्वारा भारतीय आयात पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ और रूस से कच्चा तेल खरीदने पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत शुल्क के कारण और बढ़ा है। किसेल ने कहा, यदि हम सचमुच साम्यवादी चीन को अमेरिका और हमारी जीवनशैली के लिए सबसे बड़ा खतरा मानते हैं, तो हमें भारत की ज़रूरत है। यह सच्चाई है। हम एशिया-प्रशांत क्षेत्र में अकेले उनसे नहीं लड़ सकते। किसेल ने यह भी कहा कि स्ष्टह्र शिखर सम्मेलन में भारत की सक्रिय भूमिका ट्रंप प्रशासन के लिए चीन की आक्रामकता से निपटने में बड़ी चुनौती साबित हो सकती है। उन्होंने कहा, हमें केवल ऑस्ट्रेलिया या जापान जैसे मित्रों की ही नहीं, बल्कि भारत की भी ताकत चाहिए। मेरा मानना है कि यह बैठक ट्रंप प्रशासन के सामने एक बड़ी चुनौती को उजागर कर रही है।

**एडवर्ड प्राइस का साक्षात्कारन्न**

इसके अलावा, एक स्वतंत्र विदेश नीति विश्लेषक एडवर्ड प्राइस ने भी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भारत-नीति पर कड़ी आलोचना की है और चेतावनी दी है कि हालिया व्यापारिक विवाद उस साझेदारी को कमजोर कर सकते हैं जिसे उन्होंने 21वीं सदी की सबसे महत्वपूर्ण साझेदारी बताया। एडवर्ड प्राइस न्यूयॉर्क यूनिवर्सिटी में सहायक प्राध्यापक हैं। उन्होंने एक समाचार एजेंसी को दिये साक्षात्कार में कहा कि भारत पर ट्रंप के टैरिफ़ लगाने की धमकियाँ अर्थशास्त्र और कूटनीति, दोनों की बुनियादी समझ की कमी को दर्शाती हैं। उन्होंने कहा, मैं पहले सोचता था कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अर्थशास्त्र और कूटनीति की बहुत खराब समझ है। अब मुझे एहसास हुआ कि मैं ग़लत था। असल में राष्ट्रपति ट्रंप को अर्थशास्त्र और कूटनीति की कोई समझ ही नहीं है। देखा जाये तो यह आलोचना उस समय आई है जब ट्रंप ने ओवल ऑफिस में अपने बयान में भारत द्वारा अमेरिकी कंपनियों पर लगाए गए टैरिफ़ का उल्लेख किया, जबकि उसी समय उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका का भारत से बहुत अच्छा तालमेल है। एडवर्ड प्राइस का कहना था कि भारत की टैरिफ़ नीतियाँ न्यायोचित हैं क्योंकि वह एक विकासशील अर्थव्यवस्था है। उन्होंने कहा कि युद्धोत्तर अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था ने विशेष रूप से विकासशील देशों को विकसित देशों की तुलना में अधिक टैरिफ़ लगाने की छूट दी थी। उन्होंने तर्क दिया कि ट्रंप की नीति रणनीतिक रूप से उलटी साबित हो रही है और भारत को चीन और रूस के करीब धकेल सकती है। उन्होंने कहा कि यह वही परिणाम है जिसे अमेरिकी विदेश नीति हमेशा टालना चाहती रही है। एडवर्ड प्राइस ने कहा कि हालिया तस्वीरें, जिनमें चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी साथ दिखाई दिए, उसने इस संभावित उभरते गठबंधन को लेकर चिंता बढ़ा दी है।

एडवर्ड प्राइस ने कहा, ऐसा लगता है कि उन्होंने भारत को रूस और चीन के करीब ला दिया है। हालाँकि, उन्होंने यह भी चेताया कि इन देशों के बीच ऐतिहासिक तनावों के कारण यह गठजोड़ स्थायी न होकर सामरिक हो सकता है। उन्होंने मोदी की चीन और रूस से सहभागिता को वॉशिंगटन के लिए एक सोची-समझी याद दिलाने की रणनीति बताया कि भारत के पास विकल्प मौजूद हैं। उन्होंने कहा, मोदी समझदार हैं। मोदी अपने पत्ते खेल रहे हैं। वह अमेरिका को याद दिला रहे हैं कि उनके पास चुनाव का विकल्प है। प्राइस ने यह भी कहा कि भारत का ऐतिहासिक झुकाव गुटनिरपेक्षता की ओर रहा है, जो शीतयुद्ध के दौरान गुटनिरपेक्ष आंदोलन में उसकी नेतृत्वकारी भूमिका से स्पष्ट है। इसलिए संभावना है कि नई दिल्ली महाशक्तियों की प्रतिस्पर्धा में स्थायी रूप से किसी एक पक्ष को न चुने। पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन के उस आरोप पर कि पाकिस्तान में ट्रंप के व्यावसायिक हितों ने नीति को प्रभावित किया है, एडवर्ड प्राइस ने कहा कि राष्ट्रपति के सक्रिय वित्तीय हित चिंताजनक हैं जिन्हें अमेरिकी राष्ट्रपतियों ने परंपरागत रूप से टाला है। साक्षात्कार में ट्रंप समर्थक पीटर नवारो की उस विवादित टिप्पणी पर भी चर्चा हुई जिसमें उन्होंने यूक्रेन युद्ध को मोदी का युद्ध कहा था। एडवर्ड प्राइस ने नवारो की विश्वसनीयता को खारिज करते हुए कहा कि ऐसी बयानबाज़ी अजीब है और ज़ोर देकर कहा कि यह पुतिन का युद्ध है, मोदी का नहीं। प्राइस ने तर्क दिया कि 21वीं सदी में निर्णायक भूमिका भारत की होगी। अमेरिका और चीन के बीच शक्ति-संघर्ष के नतीजे का निर्धारण भारत की स्थिति से होगा। प्राइस ने मौजूदा तनावों को उलटने के लिए दो ठोस कदम सुझाए। भारत पर लगाए गए 50त्न टैरिफ़ की धमकी को खत्म कर शून्य टैरिफ़ लागू करना और औपचारिक रूप से माफी माँगना। उन्होंने कहा, मैं समझ नहीं पा रहा कि अमेरिका का राष्ट्रपति, जब चीन से टकराव और रूस से युद्ध की स्थिति में है, तब भारत पर 50त्न टैरिफ़ लगाने की बात क्यों करेगा। देखा जाये तो यह आकलन विदेश नीति विशेषज्ञों के बीच इस चिंता को रेखांकित करता है कि यदि भारत-अमेरिका व्यापारिक तनाव यूँ ही जारी रहे, तो दुनिया के दो सबसे बड़े लोकतंत्रों के बीच दीर्घकालिक रणनीतिक सहयोग पर गहरा असर पड़ सकता है।

इसके अलावा, कूटनीतिक वास्तविकता यह है कि भारत हमेशा से रणनीतिक स्वायत्तता और गुटनिरपेक्षता पर जोर देता आया है। मोदी का रूस और चीन के साथ संवाद इसी परंपरा का विस्तार है, न कि किसी स्थायी धुरी का निर्माण। किंतु यह भी सच है कि अमेरिका का असंगत और टकरावपूर्ण रवैया भारत को यह स्मरण कराने का अवसर देता है कि उसके पास विकल्प मौजूद हैं। अब प्रश्न यह है कि क्या अमेरिका इस साझेदारी की वास्तविक अहमियत समझ पाएगा। यदि वह सचमुच चीन को अपनी सबसे बड़ी चुनौती मानता है, तो उसे भारत के साथ व्यापारिक और कूटनीतिक रिश्तों में विश्वास बहाली करनी होगी।

बहरहाल, भारत आज 21वीं सदी की शक्ति-समीकरण का निर्णायक खिलाड़ी है। ऐसे में अमेरिका को यह भूलना नहीं चाहिए कि संबंध केवल बयानों से नहीं, बल्कि भरोसे और दीर्घकालिक प्रतिबद्धता से बनते हैं। यदि अमेरिका इस बुनियादी तथ्य की अनदेखी करता है, तो उसकी एशिया-प्रशांत रणनीति महज खोखला नारा बनकर रह जाएगी।

**-नीरज कुमार दुबे**

**( इस लेख में लेखक के अपने विचार हैं )**


## एशिया पैक लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालयः तृतीय तल, मिराज परिसर,
ऊपर की ओडन, नाथद्वारा, राजसमंद, राजस्थान, भारत, पिन–313301
CIN: L74950RJ1985PLC003275
टेलीफोन नंबरः 1800 120 3699, ई–मेलः cs.asiapack@mirajgroup.in वेबसाइटः www.asiapackltd.com

**40वीं वार्षिक सामान्य सभा, बुक क्लोज़र तथा रिमोट ई–वोटिंग की सूचना के बारे में जानकारी**

(इस सूचना का प्रकाशन कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 तथा कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 के प्रावधानों के अनुसार किया गया है।)

प्रिय सदस्यों,

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि एशिया पैक लिमिटेड ("कंपनी" अथवा "एपीएल") के सदस्यों की 40वी वार्षिक सामान्य सभा ("सभा" अथवा "एजीएम") मंगलवार, 30 सितंबर, 2025 को प्रातः 11.00 बजे पंजीकृत कार्यालय : तृतीय तल, मिराज परिसर, ऊपर की ओडन, नाथद्वारा, राजसमंद, राजस्थान, भारत, पिन–313301 पर, एजीएम नोटिस दिनांक 14 अगस्त, 2025 में निहित व्यवसाय के संपादन हेतु, कंपनी अधिनियम, 2013 (अधिनियम) के सभी लागु होने योग्य प्रावधानों एवं उनके अंतर्गत बनाए गए नियमो तथा भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षा) नियमन, 2015 (सूचीबद्ध अधिनियम) की अनुपालना में, आयोजित की जाएगी।

40वी एजीएम का नोटिस और वार्षिक रिपोर्ट की सूचना सभी केवल इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उन सदस्यों को भेजी गई है, जिनके ईमेल पते कंपनी या डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के पास पंजीकृत हैं। एजीएम की सूचना एवं वर्ष 2024–25 की वार्षिक रिपोर्ट का इलेक्ट्रॉनिक वितरण 03 सितंबर, 2025 को पूर्ण कर लिया गया है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्ध दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएं) विनियम, 2015 के विनियमन 36(1)(b) के अनुसार, एक पत्र उन सभी सदस्यों को भेजा गया है, जिन्होंने अपने ईमेल पते कंपनी या अपने संबंधित डिपॉजिटरी प्रतिभागियों के साथ पंजीकृत नहीं किए हैं। इस पत्र में संपूर्ण वार्षिक रिपोर्ट तक पहुंचने हेतु वेबलिंक (सटीक पथ सहित) इसमें प्रॉक्सी फॉर्म, उपस्थिति पर्ची, एजीएम स्थल का मार्ग मानचित्र तथा भौतिक रूप में शेयर रखने वाले शेयरधारकों के लिए केवाईसी विवरण अपडेट करने का अनुरोध पत्र शामिल है।

नोटिस और वित्तीय वर्ष 2024–25 की वार्षिक रिपोर्ट कंपनी की वेबसाइट www.asiapackltd.com एवं बीएसई लिमिटेड की वेबसाइट www.bseindia.com पर और एनएसडीएल की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर उपलब्ध है।

कंपनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम 2014 के नियम 10 तथा कंपनी अधिनियम की धारा 91 के प्रावधानों के अनुरूप एवं भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षा) नियमन, 2015 के अधिनियम 42 के तहत कंपनी के रजिस्ट्रर ऑफ़ मेंबर्स एवं शेयर ट्रांसफर बुक्स बुधवार, 24 सितम्बर, 2024 से मंगलवार, 30 सितम्बर, 2025 (दोनों दिन शामिल) तक कंपनी के 40वी एजीएम के उद्देश्य से बंद रहेगी।

कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 108 सपठित कंपनी (प्रबंधन और प्रशासन) नियम, 2014 के नियम 20 और नियम 21, समय–समय पर संशोधित, सेबी (सूचीबद्धता दायित्व एवं प्रकटीकरण अपेक्षा) नियमन, 2015 के विनियमन 44, किसी भी संशोधन(ओं), परिवर्तन(ओं) या तबदीली(ओं) सहित, एवं भारतीय कंपनी सचिव संस्थान द्वारा जारी सामान्य बैठकों पर सचिवीय मानक ("एसएस–2") के प्रावधानों के अनुसार, कंपनी प्रसन्नता के साथ अपने सदस्यों को एजीएम के स्थान के अलावा ("रिमोट ई–वोटिंग") किसी अन्य स्थान से नोटिस में दिए गए प्रस्तावों पर अपने मत डालने की सुविधा एनएसडीएल द्वारा प्रदत इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग सिस्टम से उपलब्ध करवाई है तथा इस तरह के रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से कार्य संपादित किया जा सकता है। मंगलवार, 23, सितंबर, 2025 ("अंतिम तिथि") पर शेयरों को भौतिक या विमुद्रीकृत रूप में धारित व्यक्ति ही रिमोट ई–वोटिंग या एजीएम में नोटिस के प्रस्ताव पर मतदान की सुविधा का लाभ उठाने का हकदार हैं।

सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि :

क. एजीएम के नोटिस में दिए गए कार्य को इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से या एजीएम में मतदान द्वारा संपादित किया जा सकता है।
ख. एजीएम में बैलेट पेपर/ पोलिंग पेपर के माध्यम से मतदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।
ग. रिमोट ई–वोटिंग शुक्रवार, 26 सितंबर, 2025 (प्रातः 09.00) से शुरू होगी एवं सोमवार, 29 सितंबर, 2025 (सांय 05.00) को समाप्त होगी।
घ. एनएसडीएल द्वारा रिमोट ई–वोटिंग 29 सितंबर, 2025, सोमवार को सांय 05.00 के बाद अक्षम कर दिया जाएगा तथा इसके बाद सदस्यों को रिमोट ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। किसी सदस्य द्वारा एक बार प्रस्ताव पर मत डालने के बाद, सदस्य को बाद में मत बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी।
ङ. इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से या एजीएम में मतदान करने की पात्रता निर्धारित करने की अंतिम तिथि 23 सितंबर, 2025 है।
च. एक व्यक्ति, जिसने नोटिस भेजे जाने के बाद अंशो का अधिग्रहण किया है और कंपनी का सदस्य बन गया है और अंतिम तिथि यानि 23 सितंबर, 2025 को अंशो को धारण किये हुए है, evoting@nsdl.co.in पर एक अनुरोध भेजकर ई–वोटिंग के लिए लॉगिन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता हैं। तथापि, यदि कोई व्यक्ति रिमोट ई– वोटिंग के लिए पहले से ही एनएसडीएल के साथ पंजीकृत है तो मौजूदा उपयोगकर्ता आईडी और पासवर्ड का उपयोग मत डालने के लिए किया जा सकता है।
छ. जिन शेयरहोल्डर ने एजीएम से पहले रिमोट इवोटिंग द्वारा अपना वोट डाला है वह एजीएम में भाग ले सकते हैं लेकिंग दोबारा वोट नहीं डाल सकते है।
ज. इलेक्ट्रॉनिक मतदान निर्देश को सदस्यों द्वारा एजीएम के नोटिस के साथ भेजे गए निर्देशों के माध्यम से देखा जा सकता हैं, किन्ही भी प्रश्नों की दशा में सदस्य एनएसडीएल की ई–वोटिंग वेबसाइट http://www.evoting.nsdl.com के 'डाउनलोड' खंड पर उपलब्ध अंशधारकों के लिए अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्नों (एफएक्यू) का संदर्भ ले सकते हैं अथवा एनएसडीएल को टोल फ्री नं. 022–48867000 अथवा श्रीमती पल्लवी म्हात्रे को ईमेल : evoting@nsdl.co.in पर संपर्क कर सकते हैं। सदस्य ई–वोटिंग की सुविधा के बारे में किसी भी शिकायत की दशा में, श्रीमती पल्लवी म्हात्रे, पदनाम : वरिष्ठ प्रबंधक, पता : 301, तीसरी मंजिल, नमन चौंबर्स, जी ब्लॉक, प्लॉट नंबर – सी32, बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स, बांद्रा पूर्व, मुंबई – 400051; ई–मेल आईडीः evoting@nsdl.co.in ; और टोल फ्री नं : 022–48867000 पर संपर्क कर सकते हैं।

**निदेशक मंडल के आदेश से,**
**कृते एशिया पैक लिमिटेड**
**हस्ताक्षरकर्ता/–**
**लक्षित सामर**
**कंपनी सचिव और अनुपालन अधिकारी**
**सदस्यता संख्याः एसीएस 64788**

**स्थान : नाथद्वारा**
**दिनांकः 03 सितंबर, 2025**


## आर.एन.टी. में प्रान्त चित्तौडगढ की आरोग्य सभा का आयोजन

कपासन 3 सितम्बर (निसं)। आर.एन.टी. महाविद्यालय कपासन में आयोजित आरोग्य सभा में राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य केन्द्र फरीदाबाद हरियाणा से पधारे वेद संजीवन कुमार ने योग सम्बन्धी अपने विचारों को प्रकट किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में स्वस्थ जीवन जीने की शैली को बताते हुए कहा कि वर्तमान में हमारी दिनचर्या दूषित होने के साथ साथ हमारे भोजन पद्धति भी गलत होती जा रही है। उन्होंने अपने उद्बोधन में कई विरोधाभासी सब्जियों एवं मिठाईयों के उदाहरण देते हुए कहा कि इनका एक साथ सेवन करने से चर्म रोग व उदर के रोगों से झूजना पडता है। वेद संजीवन कुमार ने महर्षि पतंजलि द्वारा लिखे गये 196 सूत्र एवं 4 अध्यायों यथा समाधि पद, साधना पद, विभूति पद एवं केवल्य पद को भली प्रकार से समझाया।

पंच तत्वों अग्नि, वायु, आकाश, जल व पृथ्वी के महत्व को समझाया। पतंजलि के 5 नियम सोच, संतोष, तप, स्वाध्याय तथा प्रणिधान पर प्रकाश डाला। पतंजलि योग के 8 अंगों जैसे यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा, ध्यान व समाधि पर सारगर्भित जानकारी दी। बालकों को जल्दी सोना जल्दी उठना, बड़ों का आदर करना, मोबाइल के अनावश्यक प्रयोग से बचना तथा मानसिक एकाग्रता हेतु जीवन में योग को नियमित करना बताया।




कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पूर्व मुख्य जिला शिक्षाधिकारी कृष्णा चाष्टा ने आरोग्य भारती के सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को समझाया कि बच्चों व उनके अभिभावकों को नित्य प्रातः 5 बजे आस्था चेनल पर योग सम्बन्धी कार्यक्रम देखने एवं जीवन में उनका पालन करने के सुझाव दिए। कार्यक्रम में सीनियर नर्सिंग अधिकारी कैलाश चन्द्र शर्मा, सीनियर आयुर्वेद चिकित्सक डॉ. विनोद कुमार गन्धर्व, सेवानिवृत अध्यापक श्यामलाल सुखवाल, सेवानिवृत आयुर्वेद चिकित्सक मुरली मनोहर जोशी, एम. एम. दाधीच, रतन आचार्य, एडवोकेट बंशीलाल लढा, रोशनलाल सेठ, योग गुरु श्यामलाल पंवार, चित्तौडगढ़ संस्कृत भारती नगर मंत्री भृगु शर्मा ने भी अपने विचार प्रकट किए।

महाविद्यालय प्राचार्य प्रो. एस. एन. ए. जाफरी ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारम्भ मां शारदे के दीप प्रज्जवलन से हुआ। तत्पश्चात महाविद्यालय अकादमिक निदेशक शिवनारायण शर्मा ने आगुन्तक महानुभावों के लिए स्वागत उद्बोधन दिया। इस अवसर पर बी.एड. प्राचार्य डॉ. निशा अग्रवाल, डॉ. रामसिंह चुंडावत उपस्थित थे।

कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ. मोनिका जैन ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के स्टॉफगण एवं सभी विद्यार्थी उपस्थित थे। अन्त में पूर्व मुख्य जिला शिक्षाधिकारी कृष्णा चाष्टा ने सभी का आभार प्रकट किया।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, विद्युत खण्ड, उदयपुर**

क्रमांकः - टीएस / D-09 | दिनांक :- 26.08.2025

**निविदा - सूचना संख्या - 09/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की और से विद्युत कार्य. (5) अनुमानित राशि 12.00 लाख मे दोष निवारण एवं उनके सुधार (मय डी.एल.पी अवधि) शर्त सहित सा.नि.वि. राजस्थान में विद्युत कार्य हेतु उपयुक्त विद्युत श्रेणी में पंजिकृत संवेदको से निर्धारित प्रपत्र में निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाइट http://dipr.rajasthan.gov.in/tender.asp तथा http://sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। शुद्धि पत्र केवल http://sppp.raj.nic.in वेबसाईट पर अपलोड किये जोयगें।

NIB:- PWD 25262904
UBN :- PWD2526WSOB 10960, 61, 62, 63, 64

DIPR/C/ 12679/2025

अधिशाषी अभियन्ता
सा.नि.वि विद्युत खण्ड उदयपुर



**THE MEWAR INDUSTRIAL AND COMMERCIAL SYNDICATE LIMITED**

(Incorporated - 1945) Regd. Office: 233, Loddha Complex, Court Choraha, Udaipur (Raj) 313001
CIN-: U14219RJ1945PLC000293 Email:- mewarindustrial@gmail.com

**Notice of 80th Annual General Meeting**

Notice is hereby given to the members of M/s. The Mewar Industrial and Commercial Syndicate Limited that the 80th Annual General Meeting of the company will be held on Monday 29th September 2025 at 10:30 A.M. at Maheshwari Bhawan, Shrinath Marg, Amal Ka kanta, Udaipur (Raj.) 313001 to transact the business mentioned in the notice, Which has already been dispatched to the members.

Notice is further given, pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013 that the Register of Members and Share transfer books of the company will remain closed from 20th September, 2025 to 26th September, 2025 (both days inclusive).

Place : Udaipur
Date: 04 Sept. 2025

By Order of the Board of Directors
Sunil Lunawat (Chairman)
Anurag Jhabak (Managing Director)


## गीतांजली हॉस्पिटल द्वारा वर्ल्ड हार्ट डे जागरूकता माह की शुरुआतः वरिष्ठ नागरिकों को बताए दिल को स्वस्थ रखने के उपाय




उदयपुर, (नसं)। गीतांजली हॉस्पिटल की ओर से सितंबर माह में आने वाले वर्ल्ड हार्ट डे के उपलक्ष्य में जनजागरूकता गतिविधियाँ शुरू हो चुकी हैं। इसी क्रम में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. रोहिन के. सैनी ने महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्थान के 19वें स्थापना दिवस कार्यक्रम में भाग लिया, जो कृष्णा वाटिका में आयोजित हुआ। इस अवसर पर डॉ. सैनी ने वरिष्ठ नागरिकों को हृदय को स्वस्थ रखने के उपाय बताए और उपस्थित लोगों के साथ प्रश्नोत्तर सत्र भी रखा। कार्यक्रम के दौरान महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्थान के सदस्यों को निःशुल्क चिकित्सा परामर्श प्रदान किया गया तथा बीपी और शुगर की जांच भी की गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत सुंदर कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ, जिसमें कवयित्री डॉ. कविता किरण ने सरस्वती वंदना से शुरुआत की और हास्य कवि पंडित सुनील व्यास ने अपनी रचनाओं से सभी को गुदगुदाया।

## इंडियन ऑटो रिक्शा चालक श्रमिक यूनियन के संभागीय अध्यक्ष ने पांच सूत्रीय मांग पत्र मुख्य मंत्री को सौंपा



उदयपुर, (निसं)। इंडियन ऑटो रिक्शा चालक के संभागीय अध्यक्ष मोहम्मद सईद सक्का ने जयपुर मे यूनियन की पांच सूत्रीय मांग पत्र माननीय मुख्य मंत्री श्री भजन लाल शर्मा जी और उप मुख्य मंत्री दिया कुमारी जी को सौप कर ऑटो चालकों को हो रही समस्याओं के समाधान के लिए कहा है

1.बाइक ऑन रेंट पर अवैध तरिके से चल रहे वाहनों पर रोक लगाना 2.राजस्थान सरकार की परिवहन विभाग द्वारा एमनेस्टी योजना को लागू करना 3.नए ऑटो रिक्शा पर कुछ समय के लिए परमिट बंद किया जाय 4.पर्यटन पुलिस द्वारा निर्दोष ऑटो चालको को ना पकड़े 5. राजस्थान सरकार उदयपुर मे यातायात समिति के अंदर यूनियन के प्रतिनिधि को सदस्य के रूप मे लिया जाय!उपरोक्त समस्याओ के लिए दोनों ने इस समस्याओं के समाधान के लिए कहा है!

## खांजीपीर में सम्पन्न हुआ 20वां जश्न-ए-मिलाद



उदयपुर, (निसं)। खांजीपीर में आज 20वां जश्न-ए-मिलाद बड़ी शान-ओ-शौकत और रूहानी माहौल में सम्पन्न हुआ। ईद-ए-मिलादुन्नबी के इस जश्न को लेकर लोगों में काफ़ी उत्साह देखने को मिला।

इस मौके पर बरेली से तशरीफ़ लाए तौसीफ रज़ा साहब और डॉ. आसिफ सैफ़ी साहब ने हुज़ूर-ए-अकरम की जीवनी पर असरदार तक़रीर पेश की। महफ़िल में जावेद कादरी ने नात-ए-पाक का कलाम पेश कर महफ़िल को नूरानी बना दिया। इस पूरे जश्न की कामयाबी में अशरफी तंज़ीम की पूरी टीम की मेहनत और लगन काबिले तारीफ़ रही। तंज़ीम की जानिब से सभी मेहमानों और अन्जुमन को शुक्रिया अदा किया गया।

